**बरेली पुलिस**

**प्रेसनोट दिनांक 19.06.2026**

**जनपद बरेली।**

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट एवं संस्तुति के आधार पर पुलिस उपमहानिरीक्षक, बरेली परिक्षेत्र, बरेली द्वारा 02 अंतर्जनपदीय अपराधी गिरोह का किया गया गैंग पंजीकरण।**

श्रीमान पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में जनपद बरेली पुलिस द्वारा सक्रिय एवं पेशेवर अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्वयाही निरंतर की जा रही है। इसी क्रम में श्री अनुराग आर्य, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट एवं संस्तुति के आधार पर श्री अजय कुमार साहनी, पुलिस उपमहानिरीक्षक, बरेली परिक्षेत्र, बरेली द्वारा दो अन्तर्जनपदीय अपराधी गिरोह का गैंग पंजीकरण अनुमोदित किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली द्वारा प्रेषित संस्तुति रिपोर्ट के आधार पर यह तथ्य प्रकाश में आये कि-

1. अभियुक्त/गिरोह सरगना कामिल उर्फ नकटा पुत्र गुलाम फरीद निवासी ग्राम ग्यासपुर थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत है, जो अपने सहयोगी अजीम पुत्र अल्लन निवासी ग्राम ढ़किया हुलकरी थाना न्यूरिया जनपद पीलीभीत के साथ मिलकर बरेली एवं पीलीभीत जनपदों में गोकशी एवं पशु तस्करी जैसे संगठित अपराधों में संलिप्त पाया गया है। गिरोह के विरुद्ध विभिन्न अभियोग पंजीकृत हैं तथा इनके आपराधिक कृत्यों के कारण क्षेत्र में भय एवं आतंक का वातावरण व्याप्त रहा है, जिससे सामान्य नागरिक इनके विरुद्ध साक्ष्य देने से कतराते रहे हैं।

उक्त गिरोह की आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं सतत निगरानी रखने हेतु पुलिस रेगुलेशन में निहित प्रावधानों के अंतर्गत पुलिस उपमहानिरीक्षक, बरेली परिक्षेत्र, बरेली द्वारा उक्त गिरोह को अन्तर्जनपदीय गैंग (आईडी गैंग) के रूप में पंजीकृत करते हुए गैंग पंजीकरण संख्या आईडी-10/2026 (बरेली) आवंटित की गई है। बरेली पुलिस द्वारा गिरोह के सदस्यों के विरुद्ध गैंगस्टर अधिनियम सहित अन्य विधिक प्रावधानों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जा रही है तथा उनकी अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु आवश्यक कार्यवाही निरंतर जारी है।

| गैंग लीडर का नाम पता | गैंग के सदस्य का नाम पता | पंजीकरण संख्या व थाना | प्रकार व स्तर |
|---|---|---|---|
| 1. कामिल उर्फ नकटा पुत्र गुलाम फरीद निवासी ग्राम ग्यासपुर थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत। | 1. अजीम पुत्र अल्लन निवासी ग्राम बकिया हुलकरी थाना न्यूरिया जनपद पीलीभीत। | आईडी-10/2026<br>फतेहगंज पश्चिमी, बरेली | **प्रकार-** गोकशी एवं पशु तस्करी<br>**स्तर-** अन्तर्जनपदीय |

**2.** एवं अभियुक्त/गिरोह सरगना फहीम पुत्र नसीम निवासी मोहल्ला ग्यासपुर, थाना बीसलपुर, जनपद पीलीभीत है, जो अपने सहयोगियों इबरार पुत्र मुन्ने निवासी मोहल्ला ग्यासपुर थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत तथा अनीस पुत्र सद्दीक निवासी मोहल्ला ग्यासपुर थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत के साथ मिलकर संगठित रूप से चोरी एवं लूट जैसी गंभीर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता रहा है। गिरोह द्वारा जनपद बरेली एवं शाहजहांपुर में आपराधिक गतिविधियां संचालित किए जाने के तथ्य प्रकाश में आए हैं। गिरोह के सदस्य आपराधिक कृत्यों के माध्यम से अवैध आर्थिक लाभ अर्जित कर समाज में भय एवं आतंक का वातावरण उत्पन्न करते रहे हैं।

उक्त गिरोह की आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं सतत निगरानी रखने हेतु पुलिस रेगुलेशन में निहित प्रावधानों के अंतर्गत पुलिस उपमहानिरीक्षक, बरेली परिक्षेत्र, बरेली द्वारा उक्त गिरोह को अन्तर्जनपदीय गैंग (आईडी गैंग) के रूप में पंजीकृत करते हुए गैंग पंजीकरण संख्या आईडी-11/2026 (बरेली) आवंटित की गई है।

| **गैंग लीडर का नाम पता** | **गैंग के सदस्य का नाम पता** | **पंजीकरण संख्या व थाना** | **प्रकार व स्तर** |
|---|---|---|---|
| **1.** फहीम पुत्र नसीम निवासी मोहल्ला ग्यासपुर, थाना बीसलपुर, जनपद पीलीभीत। | 1. इबरार पुत्र मुन्ने निवासी मोहल्ला ग्यासपुर थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत<br><br>2. अनीस पुत्र सद्दीक निवासी मोहल्ला ग्यासपुर थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत | आईडी-11/2026<br><br>फतेहगंज पश्चिमी, बरेली | **प्रकार-**<br>चोरी एवं लूट<br><br>**स्तर-**<br>अन्तर्जनपदीय |

गैंग पंजीकरण के उपरांत इन गिरोहों में शामिल समस्त अपराधियों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 (गैंगस्टर एक्ट) के अंतर्गत विधिक कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी।

**बरेली पुलिस जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु प्रतिबद्ध है तथा संगठित अपराध पर कठोर अंकुश लगाने के लिए निरंतर अभियान चला रही है।**